
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

21 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

कला मानवीय आत्मा की गहरी परतों को उजागर करती है।



- डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

*Vishwa Vijay Singh*

www.teachersofbihar.org

पुण्यतिथि विशेष

**21 जनवरी 2025**

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अच्छी पुस्तकें मनुष्य के जीवन में बड़ा

बदलाव ला सकती है।

**आचार्य शिवपूजन सहाय**

( साहित्यकार )

जन्म: 09 अगस्त 1893 मृत्यु: 21 जनवरी 1963



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

**21 जनवरी**

Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, मंगलवार 21 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिर कर उठ जाने में है।"

–कन्फ्यूसियस

## आज के दिन

1911– प्रथम मोन्टो कार्लो मोटर रैली की शुरूआत हुई।

1924– रैक्जे मैक्डोनाल्ड के नेतृत्व में पहली बार ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार बनी।

1945– महान क्रांतिकारी रास बिहारीबोस का जापान की राजधानी टोक्यो में निधन।

1950– अंग्रेजी के मशहूर लेखक जॉर्ज ऑरवेल का निधन।

1958– कॉपीराइट कानून प्रभाव में आया।

1963– हिन्दी साहित्य के उपन्यासकार, कहानीकार, सम्पादक और पत्रकार शिवपूजन सहाय का निधन।

1976– सुपरसोनिक गति वाले वाणिज्यिक विमान कांकर्ड ने नियमित सेवा शुरू की।

1996– दिल्ली में प्रायोगिक तौर पर कुछ ऑटोरिक्शा प्रोपेन गैस से चलना शुरू हुआ।

1. **मेघालय राज्य का स्थापना दिवस–** 21 जनवरी, 1972 ई.को मेघालय, मणिपुर और मिजोरम को अलग राज्य का दर्जा दिया गया। मेघालय का अर्थ है 'बादलों का घर'। विश्व में सर्वाधिक वर्षा इसी प्रदेश में ही होता है। मेघालय की राजधानी शिलांग है। गारो, खासी तथा जैंतिया की पहाडियां इसी प्रदेश में है। मेघालय का राज्य पशु भालू–बिल्ली और राज्य पक्षी पहाड़ी मैना है। इस राज्य की राजधानी शिलांग है। मेघालय का उच्च न्यायालय गुवाहाटी में स्थित है। राज्य के 70.3% भू–भाग वन क्षेत्र से आच्छादित है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को मेघालय, मणिपुर और मिजोरम के भौगोलिक अवस्थिति, राजनैतिक तथा संस्कृति के बारे में बतायें।

2. **मणिपुर का स्थापना दिवस–** मणिपुर का अर्थ होता है 'एक आभूषित भूमि'। एक पौराणिक कथा के अनुसार पाताल में रहने वाले नाग देवता इस प्रदेश के सौन्दर्य पर मुग्ध होकर मणियों की वर्षा की थी। इसलिये इसका नाम मणिपुर पड़ा। मणिपुर की राजधानी इंफाल है। मणिपुर का राजकीय पशु थामिन मृग और राजकीय पक्षी ह्यूमजू बावेक्ट फैजेंट है। यहाँ की मुख्य भाषा मणिपुरी है। मणिपुर के उत्तर में नागालैंड, दक्षिण में म्यानमार, दक्षिण पश्चिम में मिजोरम, पूरब में म्यांमार तथा पश्चिम में असम राज्य है। इसका 92% हिस्सा पहाड़ियों से घिरा है। मणिपुर को 'उत्सव की भूमि' भी कहा जाता है। 'पोलो' खेल की उत्पत्ति मणिपुर से ही मानी जाती है।

3. **त्रिपुरा का स्थापना दिवस–** त्रिपुरा मूल रूप से त्रिपुरी, जामाती जनजातियों का प्रदेश है। इस प्रदेश को प्राचीन काल में किरात देश कहा जाता था। त्रिपुरा की राजधानी अगरतल्ला है। त्रिपुरा केवल देश के दो राज्यों असम और मिजोरम को छूता है। त्रिपुरा का राजकीय पशु केरीज पर्ण वानर और राजकीय पक्षी फैरी ब्लू बर्ड है। बांग्ला, त्रिपुरी, मणिपुरी यहाँ की मुख्य भाषाएं हैं। त्रिपुरा राज्य में 4 जिले है–उत्तरी त्रिपुरा, दक्षिणी त्रिपुरा, पश्चिमी त्रिपुरा और ढलाई। त्रिपुरा की सबसे लंबी नदी गोमती है। चोरोलाम, रासलीला, रखाल यहाँ की प्रमुख लोक नृत्य है। लुशाई, त्रिपुरी, भील, मोग, कुकी, चकमा, गारो, खासिया, भूटिया, लेपचा, जमातिया यहाँ की प्रमुख जनजातियां है। अगरतला से करीब 40 किलोमीटर दूर त्रिपुरा की प्राचीन राजधानी उदयपुर में त्रिपुर सुंदरी नामक मंदिर को देवी के शांति पीठों में एक माना जाता है।

4. **रासबिहारी बोस का निधन–** रासबिहारी बोस भारत के एक क्रांतिकारी नेता थे। दिल्ली की तत्कालीन वायसराय लार्ड चार्ल्स हार्डिंग पर बम फेंकने की योजना बनाने, गदर की साजिश रचने में शमिल थे। बाद में जापान जाकर इंडियन इंडिपेंडेंस लीग की स्थापना की। रासबिहारी बोस ने 1942 में आजाद हिन्द फौज की भी स्थापना की थी। रासबिहारी बोस का निधन 21 जनवरी, 1945 ई. को हुआ था।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, पाठ 12, पृष्ठ 208** के संदर्भ में बच्चों को रासबिहारी बोस के कार्यों के बारे में बतायें।

5. **लेनिन की मृत्यु–** व्लादिमीर इलीइच लेनिन का असली नाम 'उल्यानोव' था। लेनिन एक उच्च कोटि का रूसी विचारक और दार्शनिक थे। प्रथम विश्वयुद्ध के समय लेनिन का नारा था– 'युद्ध बंद करो।' लेनिन रूस की बोल्शेविक क्रान्ति के भी नेता थे। लेनिन ने तीन नारे दिए– भूमि, शांति और रोटी। भूमि किसानों को, शांति सेना को और रोटी मजदूरों को। 21 जनवरी, 1924 को मस्तिष्क रक्तस्त्राव के कारण लेनिन की मृत्यु हो गई।
   - **संदर्भः** इतिहास के शिक्षक बच्चों को **रूस की क्रांति** और लेनिन के बारे में बताएं। **NCERT की वर्ग नवम् की इतिहास की पाठ्यपुस्तक के अध्याय 2** से जोड़ कर चर्चा करें।

# दिवस विशेष

21 जनवरी

मधु प्रिया

## रास बिहारी बोस का निधन 21 जनवरी




रास बिहारी बोस का जन्म 25 मई 1886 को वर्धवान जिले के पश्चिम बंगाल में हुआ था। उनके पिता का नाम विनोद बिहारी बोस था। बहुत छोटी उम्र से ही वह अंग्रेजों के खिलाफ क्रांति में शामिल हो गए थे। रास बिहारी बोस बचपन से ही देश को स्वतंत्र करने के सपने देखते थे और क्रन्तिकारी गतिविधियों में रूचि रखते थे। जब वह मात्र तीन साल के थे तो उनकी मां का देहांत हो गया था। जिसके बाद उनका पालन-पोषण उनकी मामी करती थी। उन्होंने अपनी शिक्षा चन्दननगर से शुरू की थी। अपने शिक्षक चारू चांद से उन्हें क्रांति की प्रेरणा मिली थी। इसके बाद उन्होंने चिकित्सा शास्त्र और इंजीनियरिंग की पढ़ाई फ्रांस और जर्मनी से की। उनका ज्यादा ध्यान क्रांतिकारी गतिविधियों में ज्यादा था।उन्हें अपने देश भारत के प्रति उनके मन में बचपन से ही श्रद्धा थी।उन्होंने 23 दिसंबर, 1912 को दिल्ली में एक परेड में बम फेंककर लॉर्ड हार्डिंग की हत्या करने का प्रयास किया था। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान भारत को गुलामी की जंजीरों से आज़ाद करने के लिए बोस ने कई योजनाये बनायीं। उन्होंने "इंडियन इंडिपेंडेंस लीग" की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनके द्वारा चलाये जा रहे क्रांतिकारी गतिविधियों का मुख्य केंद्र था "वाराणसी" यहाँ से उन्होंने सारे गुप्त क्रांतिकारी आंदोलनों का संचालन किया। जापान में उन्होंने अपने जापानी क्रान्तिकारी मित्रों के साथ मिलकर देश को आज़ाद कराने के लिए कई प्रयास किये। इसके अलावा जापान में उन्होंने अंग्रेजी अध्यापन, लेखन और पत्रकारिता का कार्य भी किया। वहाँ पर उन्होंने 'न्यू एशिया' नाम से एक समाचार-पत्र निकाला और जापानी भाषा भी सीखी और सिख कर इस भाषा में 16 पुस्तके भी लिखी। उन्होंने हिन्दू ग्रन्थ 'रामायण' का भी अनुवाद जापानी भाषा में किया है।उन्होंने जापान में "इंडियन इंडिपेंडेंस लीग" की स्थापना की थी और इसका नेतृत्व करने के लिए सुभाष चंद्र बोस को भी बुलाया था। इसके लिए उन्होंने खुद को नेताजी के सलाहकार के रूप में नामित किया था। सन 1915 में वह एक योजना ग़दर विद्रोह का भी हिस्सा थे। इस विद्रोह की क्रांति बड़े पैमाने पर विफल रही और अधिकांश नेताओं को गिरफ्तार भी कर लिया था। रास बिहारी बोस शांत और स्पष्ट सोच के थे, उनके पास क्रांति को व्यवस्थित करने की अपरिहार्य ऊर्जा थी। भारत को ब्रिटिश शासन की गुलामी से मुक्ति दिलाने की जी-तोड़ मेहनत करते हुए किन्तु इसकी आस लिये हुए। 21जनवरी 1945 को इनका निधन हो गया। उनके निधन से कुछ समय पहले जापानी सरकार ने उन्हें आर्डर ऑफ द राइजिंग सन के सम्मान से अलंकृत भी किया था।

Your paragraph text /teachersofbihar

हरिवंश राय बच्चन जी का जन्म 27 नवम्बर 1907 को

# पुण्यतिथि विशेष 21 जनवरी

राकेश कुमार




**आचार्य शिवपूजन सहाय** *Acharya Shivpujan Sahay*, जन्म- 9 अगस्त, 1893, शाहाबाद, बिहार; मृत्यु- 21 जनवरी, 1963, पटना) हिन्दी साहित्य में एक उपन्यासकार, कहानीकार, सम्पादक और पत्रकार के रूप में प्रसिद्ध थे। इनके लिखे हुए प्रारम्भिक लेख 'लक्ष्मी', 'मनोरंजन' तथा 'पाटलीपुत्र' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे। शिवपूजन सहाय ने 1934 ई. में 'लहेरियासराय' (दरभंगा) जाकर मासिक पत्र 'बालक' का सम्पादन किया।

# दिवस प्रेरणा 21



## झूलन गोस्वामी

( भारतीय महिला क्रिकेटर )

## टी.वी. देख क्रिकेट में दिलचस्पी जगी ...

### संघर्ष

पन्द्रह साल की उम्र में टेलीविजन पर क्रिकेट को देखकर दिलचस्पी जगी। क्रिकेट की प्रैक्टिस के लिए 80 किमी. दूर सियालदह जाना पड़ता था। शुरू में उनकी धीमी गेन्दबाजी के लिए इन्हें खूब चिढ़ाया जाता था। कई बार इन्हें मैच के दौरान केवल गेन्द उठाने के लिए ही शामिल किया जाता था।

### सफलता

उन्नीस साल की उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम में चुनी गई। वर्ष 2008 से 2011 तक भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रही। ये दुनिया की दूसरी तेज महिला गेन्दबाज मानी जाती हैं। इनकी नियमित तौर पर अधिकतम बॉलिंग रफ्तार 120 किमी./घंटा रही है। महिला वनडे वर्ल्डकप में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकार्ड इनके नाम हैं। वर्ष 2018 में इन पर भारतीय डाक टिकट भी जारी किया गया। वर्ष 2007 में ICC वुमन क्रिकेट ऑफ द ईयर, 2010 में अर्जुन अवार्ड और वर्ष 2012 में पद्म श्री का अवार्ड भी मिला।

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 21.01.2025

## मौखिक भाषा विकास का आकलन

मौखिक भाषा विकास का आकलन करने के लिए, विचारों की क्रमबद्धता, भाषा प्रयोग, और भाषा व्यवस्था का आकलन किया जाता है. मौखिक भाषा विकास का आकलन करने के लिए, इन बातों पर ध्यान दिया जाता है ध्वनिविज्ञान, आकृति विज्ञान, वाक्यविन्यास, शब्दार्थ विज्ञान, व्यावहारिकता, विचारों की मौलिकता, भाषा व्यवस्था।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar




**दुनिया का सबसे ऊंचा ब्रिज म्यावु विआडक्ट France में स्थित है, जिसकी ऊंचाई 1104 फिट है।**

स्रोत:
दैनिक भास्कर

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## खो-खो वर्ल्ड कप

## खो-खो वर्ल्ड कप की चैंपियन बनी इंडिया विमेंस: फाइनल में नेपाल को 78-40 से हराया; टूर्नामेंट में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं हारी



इंडिया विमेंस टीम ने खो-खो का पहला वर्ल्ड कप जीत लिया है। नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में रविवार को टूर्नामेंट का फाइनल खेला गया। भारत ने नेपाल को 78-40 के बड़े अंतर से हराया और खिताब पर कब्जा किया।

खो-खो वर्ल्ड कप 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली में खेला गया। इंडियन टीम टूर्नामेंट में अजेय रही, वहीं नेपाल को फाइनल में ही पहली हार का सामना करना पड़ा। मेंस टीम इंडिया भी फाइनल में पहुंची है, उनका सामना भी नेपाल से ही हो रहा है।

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)

### सोडियम (Sodium)

संकेत - (Symbol ) **Na**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -11

परमाणु भार (A.weight) -22.990

समूह(group )-1


आवर्त(period) -3

ब्लाक( block )-S

संयोजकता( valancy) -1

समस्थानिक(Isotopes) -4

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Ne]$3s^1$




**खोज**

1807,हम्फ्री डेवी

**भौतिक गुण**

मुलायम, चमकदार, तन्य और पानी पर तैरने वाला धातु


**रासायनिक गुण**

अत्यधिक क्रियाशील, पानी के साथ अत्यधिक प्रतिक्रियाशील

**उपयोग**

धातु निष्कर्षण शीशा , साबुन निर्माण में, दवा एवं नमक बनाने में

Anu priya



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
शिवपूजन सहाय
जन्म- 9 अगस्त 1893
मृत्यु- 21 जनवरी 1963
/teachersofbihar
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
रास बिहारी बोस
जन्म-25 मई 1886
मृत्यु- 21 जनवरी 1945
Madhupriya
/teachersofbihar


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
21 जनवरी
मणिपुर
त्रिपुरा
मेघालय
मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय
राज्य स्थापना दिवस
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

21 जनवरी


# आचार्य शिवपूजन सहाय

की पुण्यतिथि पर सादर नमन

9 अगस्त 1893 - 21 जनवरी 1963



PUNITA KUMARI



www.teachersofbihar.org

21 जनवरी

पूर्वोत्तर भारत में स्थित प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण

**मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा**

के प्रदेशवासियों को उनके

# राज्य स्थापना दिवस

की हार्दिक बधाई एवं असीम

**शुभकामनाएं**



Punita Kumari